Publication: **Dainik Jagran** I Region: **Delhi** I Date: **21/12/2013** I Page No.: **12**

नया साल, नए प्लान : **इरडा के दिशानिर्देशों से आएगा आएगा बदलाव**

अगले साल चार सौ नई जीवन बीमा पॉलिसियां

नितिन प्रधान, नई दिल्ली

नए साल में जीवन बीमा के इच्छुक ग्राहकों को कम से कम 400 नई बीमा पॉलिसियां उपलब्ध होंगी। बीमा नियामक इरडा के नए दिशानिर्देशों के मुताबिक इस क्षेत्र की सभी कंपनियों ने तैयारी पूरी कर ली है। अब बीमा कंपनियां नए उत्पादों के साथ बाजार में उतरने को तैयार हैं। पहली जनवरी के बाद तकरीबन इतनी ही मौजूदा जीवन बीमा पॉलिसियां बाजार से बाहर हो जाएंगी। लेकिन जिनके पास ये पॉलिसियां पहले से मौजूद है, उनका बीमा चलता रहेगा।

बीमा विनियामक व विकास प्राधिकरण (इरडा) ने पॉलिसियों को ग्राहकों के हितों के अनुरूप बनाने के लिए ने दिशानिर्देशों में बदलाव किया है। इसके तहत मोटे तौर पर जीवन बीमा पॉलिसियों को तीन वर्गों में बांटा

- **कई पुरानी पॉलिसियां वापस लेंगी बीमा कंपनियां**

गया है- पारंपरिक प्लान, परिवर्तनीय जीवन बीमा प्लान और यूनिट लिंक्ड प्लान यानी यूलिप। निजी बीमा कंपनियों के साथ साथ एलआइसी (भारतीय जीवन बीमा निगम) भी नए दिशानिर्देशों के अनुरूप नए साल से पॉलिसियां जारी कर रही है। कंपनी नए साल से अपने करीब 48 मौजूदा प्लान वापस ले रही है। इनके स्थान पर नए प्लान जारी कर रही है।

निजी कंपनियों में रिलायंस लाइफ करीब दो दर्जन नई पॉलिसियां नए साल में पेश करने जा रही है। इनमें जोखिम से सुरक्षा, रिटायरमेंट, बचत, निवेश और स्वास्थ्य से जुड़ी बीमा पॉलिसियां शामिल होंगी। कंपनी के सीईओ अनूप राउ ने जागरण को बताया, 'हम नए दिशानिर्देशों के अनुरूप तैयार की गई 13-14 पॉलिसियों के साथ शुरुआत कर रहे हैं। हमारा फोकस मूलतः पारंपरिक बीमा पॉलिसियों पर होगा। इसके अलावा ग्राहकों की जरूरत के मुताबिक पॉलिसी बनाने पर जोर देते रहेंगे।'

एचडीएफसी लाइफ 21 नए यूलिप प्लान नए साल में ग्राहकों के लिए ला रही है। बीमा क्षेत्र में काम कर रही अन्य निजी कंपनियों ने भी नए साल में नए उत्पादों को लेकर तैयारी पूरी कर ली है। अवीवा लाइफ इंश्योरेंस तो 13 बीमा पॉलिसियां लांच करने की घोषणा भी कर चुकी है। इसके अलावा आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल, बिरला सनलाइफ, बजाज अलायंज, मैक्स और एसबीआइ लाइफ भी अगले महीने से नई बीमा पॉलिसियां बाजार में उतार देंगी।